
P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, मंगलवार 21 जुलाई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 227
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

हिस्ट्रीशीटर सहित पांच आरोपियों का निकाला जुलूस



पेज-2

मेरी जिंदगी पर फिल्म बनी तो बहुत दिलचस्प होगी : शहनाज गिल



पेज-5

डीएवीवी में खुलेगा परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- NEET एग्जाम लीक पर बोले पीएम मोदी- जिम्मेदार लोगों पर लिया सख्त एक्शन
- सिक्किम टनल लैंडस्लाइड में अबतक 9 शव बरामद
- अरविंद केजरीवाल CJP प्रदर्शन में घायल लोगों से मिलने RML अस्पताल जाएंगे
- अमरनाथ यात्रा दो दिनों के लिए स्थगित, खराब मौसम के चलते आज और कल के लिए रोकी गई यात्रा
- शिमला-कुल्लू में बारिश का रेड अलर्ट, सभी स्कूल बंद
- ब्रिटेन का नया पीएम बनने पर एंडी बर्नहैम को पीएम मोदी ने बधाई दी
- राम मंदिर चढ़ावा चोरी : आज हो सकता है नई SIT का गठन, सीनियर IPS संभालेंगे जांच की कमान
- दिल्ली : हरि नगर की बिल्डिंग में भीषण आग, दो सिलेंडर फटे, बचाए गए 8 लोग

# इंदौर में 'होल्ड' की राजनीति! नियुक्तियों पर लगता जा रहा ब्रेक




आशीष गुप्ता
9425064357

**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत**

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में इन दिनों राजनीति पूरी तरह 'होल्ड मोड' में नजर आ रही है। नगर निगम के एल्डरमैन की नियुक्ति हो, इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की नई टीम का गठन, विभिन्न सरकारी समितियों में राजनीतिक नियुक्तियां या फिर भाजपा के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी-हर जगह इंतजार का माहौल है।

प्रदेश संगठन में बदलाव के बाद यह उम्मीद थी कि इंदौर में भी राजनीतिक नियुक्तियों का सिलसिला तेज होगा, लेकिन अभी तक कोई बड़ा फैसला सामने नहीं आया। इससे लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ रही है। कई नेता महीनों से जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन हर बार जवाब मिलता है- 'अभी मामला होल्ड पर है।'

नगर निगम में एल्डरमैन नियुक्ति इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि इसके बाद कई समितियों के गठन का रास्ता साफ होगा। दूसरी ओर आईडीए में भी नई नियुक्तियों का इंतजार खत्म नहीं हो रहा है। यही स्थिति विभिन्न निगम-मंडलों और सरकारी समितियों की है, जहां राजनीतिक नियुक्तियां अभी तक अधर में लटकी हुई हैं।

भाजपा के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की नई जिला कार्यकारिणी को लेकर भी लंबे समय से चर्चा है, लेकिन आधिकारिक घोषणा नहीं हो पा रही। संगठन के कई पदों पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इंदौर को लेकर सभी फैसले फिलहाल प्रदेश नेतृत्व के स्तर पर रोककर रखे गए हैं। वजह चाहे संगठनात्मक संतुलन हो, स्थानीय गुटबाजी हो या फिर बड़े राजनीतिक समीकरण—लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर उन कार्यकर्ताओं पर पड़ रहा है, जो लंबे समय से पार्टी के लिए काम करने के बाद किसी जिम्मेदारी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

अब सबकी नजर एक ही सवाल पर है- इंदौर की राजनीति में 'होल्ड' कब खत्म होगा और नियुक्तियों का पिटारा कब खुलेगा?

### विकास योजनाओं पर भी 'ऊपरी मंजूरी' का इंतजार

*कई विकास योजनाओं की गति भी अपेक्षा से धीमी नजर आ रही है। कुछ परियोजनाओं में तकनीकी और वित्तीय कारणों से देरी हो रही है, जबकि कुछ फैसले उच्च स्तर की मंजूरी के इंतजार में बताए जा रहे हैं। हाल ही में इंदौर विकास प्राधिकरण की एक बड़ी कन्वेंशन सेंटर परियोजना भी फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई क्योंकि टेंडर प्रक्रिया में कोई बोलीदाता नहीं मिला। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनने तक कई महत्वपूर्ण निर्णय जानबूझकर रोके जा रहे हैं। ऐसे में अधिकारी भी बड़े निर्णय लेने से बच रहे हैं और अधिकांश फाइलें 'ऊपर से निर्देश' का इंतजार कर रही हैं।*



# कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन फिर शुरू

### आज भी संसद मार्च करेंगे-अभिजीत दीपके

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** कॉकरोच जनता पार्टी यानी CJP का फिर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू हो गया है। CJP का संसद मार्च के बाद दिल्ली पुलिस ने सोमवार शाम 5 बजे जंतर-मंतर खाली करा दिया था।

प्रदर्शनकारी और अभिजीत दीपके 6 घंटे बाद फिर लौट आए। सोमवार रात 11 बजे तक भारी तादाद में लोग जमा हो गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। दीपके ने इंडिया टुडे से खास बातचीत में कहा कि मंगलवार को भी संसद मार्च करेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा होने तक आंदोलन जारी रहेगा और जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। प्रदर्शनकारी धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत तीन मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। सोमवार को दीपके समेत CJP समर्थकों ने संसद तक मार्च किया था। पिछले 14 साल में पहली बार प्रदर्शनकारियों की भीड़ संसद के दरवाजे तक पहुंची है। इससे पहले, 2012 में निर्भया कांड के विरोध में इस इलाके में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुआ था। कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। सुबह 8 से शाम 5 बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई। जेपी नड्डा और कॉकरोच जनता पार्टी के डेलीगेशन के बीच बातचीत हुई।

# बिजली कंपनी के एक और कुबेर के पास निकला करोड़ो का साम्राज्य

- बिजली कंपनी इंजीनियर के पास आय से 258 प्रतिशत ज्यादा प्रॉपर्टी
- बेटे, बहू, दामाद के नाम करोड़ों की फैक्ट्री
- आलीशान बंगले, प्लॉट्स और लग्जरी गाड़ियां मिलीं



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** लोकायुक्त टीम ने मंगलवार सुबह 5.30 बजे मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (फाइनेंस) शिवराम सेमिल के 9 ठिकानों पर छापे मारे। शुरुआती जांच में वैध आय से करीब 258% अधिक संपत्ति मिली है। शिवराम सेमिल इन दिनों इंदौर स्थित पोलोग्राउंड कार्यालय में पदस्थ हैं। यह कार्रवाई लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के नेतृत्व में की गई। इंदौर, पीथमपुर, धार और मुरैना समेत 9 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे गए।

**शुभम इलेक्ट्रिकल (पीथमपुर):** बेटे शुभम सेमिल के नाम पर 880 वर्गमीटर में फैली ट्रांसफॉर्मर बनाने की फैक्ट्री। अनुमानित लागत: 1.25 करोड़।

**कर्निश पावरजोन (पीथमपुर):** बहू और परिजन के नाम पर 50 लाख शेयर पूंजी वाली कंपनी। इसके तहत दो औद्योगिक प्लॉट खरीदे गए हैं, जिन पर पुरानी और नई फैक्ट्रियों के निर्माण में 1 करोड़ का निवेश सामने आया है।

**एस.एस. इलेक्ट्रिकल्स (धार):** उज्जैनी औद्योगिक क्षेत्र में दामाद और बेटे के नाम पर तीन प्लॉट। निवेश: 1.50 करोड़।

**अन्य फैक्ट्रियां:** कृष्णा पावर और ए-वन इलेक्ट्रिकल नाम से भी रिश्तेदारों के नाम पर फैक्ट्रियों का संचालन और निर्माण जारी है, जिसमें करोड़ों के निवेश की जांच चल रही है।

**इंदौर (सिलिकॉन सिटी):** C-44 प्लॉट पर बना तीन मंजिला मकान मिला है। इसकी अनुमानित कीमत 1.20 करोड़ है।

**मुरैना (रविदास नगर):** दो मंजिला मकान, जिसकी कीमत 50 लाख आंकी गई है।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज

लोकायुक्त पुलिस ने शिवराम सेमिल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 13(1)(B) और 13(2) के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान, दिनेश पटेल, दीपक शेजवार सहित लोकायुक्त की कई टीमें सभी 9 ठिकानों पर दस्तावेजों, बैंक खातों और बेनामी संपत्तियों की गहन जांच में जुटी हैं।



## एक और मार्च की तैयारी... भारत-यूएस डील को लेकर शुरू हुआ विरोध

पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस तैनात की गई है, बैरिकेड लगाए गए हैं और घग्गर नदी पर बने पुल पर सीमेंट के ब्लॉक लगाए गए हैं।

## आज सुबह से रिमझिम, अभी भी तेज बारिश की दरकार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर में बीते दो हफ्तों से जारी उमस और सूखे के बाद मौसम का मिजाज बदलने लगा है। मौसम तंत्र के प्रभाव से शहर और आसपास की तहसीलों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। आज सुबह शहर कई क्षेत्रों में रिमझिम बारिश हुई, जो अभी भी जारी है। हालांकि शहरवासियों को अभी भी बारिश की झमाझम का इंतजार है। तेज बारिश को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि अभी अगले सप्ताह तक का इंतजार करना पड़ सकता है।



# प्रदेश के स्टेट हाईवेज पर वसूला जाएगा टोल

### मेंटनेंस संभालेंगी निजी एजेंसियां

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल ●** राज्य सरकार ने विधानसभा में मध्य प्रदेश राजमार्ग संशोधन विधेयक 2026 प्रस्तुत किया है। इस विधेयक के तहत सरकार कतिपय सड़कों को राज्य राजमार्ग घोषित कर सकेगी। राज्य राजमार्गों के संपूर्ण या किसी भाग के उपयोग के लिए निर्धारित दरों पर शुल्क वसूल सकेगी। राज्य राजमार्ग के विकास एवं रखरखाव के लिए किसी व्यक्ति के साथ सरकार समझौता कर सकेगी। राज्य राजमार्गों के बढ़ते मेंटेनेंस शुल्क को देखते हुए सरकार ये संशोधन करने जा रही है।

### यह विधेयक हुए पेश

- मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता विधेयक 2026
- मध्य प्रदेश राजमार्ग (संशोधन) विधेयक -2026
- मध्य प्रदेश अग्निशमन-आपातक कालीन सेवाएं विधेयक -2026
- मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज संशोधन विधेयक 2026
- मध्य प्रदेश निजी विवि (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक -2026
- मध्य प्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय विधेयक -2026
- मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक -2026

# सरकारी रिकार्ड में छेड़छाड़, फिर भी नहीं एफआईआर नामांतरण घोटाले को लेकर नहीं गंभीर जिम्मेदार

- एक-एक नामांतरण के लिए जरूरी ओटीपी किसने दर्ज किया, जब जिम्मेदार अधिकारियों को जानकारी ही नहीं थी...?
- सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ के इतने गंभीर मामले में अब तक आपराधिक कार्रवाई नहीं होने पर उठ रहे सवाल।



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** इंदौर नगर निगम के चर्चित 354 फर्जी नामांतरण प्रकरण में चार महीने बीत जाने के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। यह मामला केवल विभागीय अनियमितता तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और संपत्तियों के मालिकाना हक बदलने से जुड़ा है। ड्रेनेज घोटाले में तत्कालीन निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह की नोटशीट पर तत्काल तत्कालीन कमिश्नर शिवम वर्मा ने एफआईआर दर्ज करवाई थी, लेकिन इससे कहीं अधिक गंभीर माने जा रहे इस प्रकरण में अब तक पुलिस जांच शुरू नहीं हो पाई। जब तक इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर सामने नहीं आते और जांच कानूनी प्रक्रिया के अगले चरण तक नहीं पहुंचती, तब तक यह प्रकरण नगर निगम की कार्यप्रणाली और जवाबदेही को लेकर सार्वजनिक बहस का विषय बना रहेगा।

नगर निगम में किसी भी संपत्ति का नामांतरण या रिकॉर्ड में संशोधन करने की प्रक्रिया के दौरान अधिकृत अधिकारी के मोबाइल पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाता है। ओटीपी के सत्यापन के बाद ही रिकॉर्ड में बदलाव संभव होता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि एक साथ 354 नामांतरण हुए, तो प्रत्येक मामले में आवश्यक ओटीपी किसने और कैसे दर्ज किया।

यदि एक-दो मामलों में तकनीकी या मानवीय त्रुटि की संभावना मानी भी जाए, तो 354 मामलों में एक जैसी प्रक्रिया होना स्वाभाविक रूप से गंभीर जांच का विषय बन जाता है। यही कारण है कि अब यह मामला केवल विभागीय जांच से आगे बढ़कर आपराधिक जांच की मांग कर रहा है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

न्यूज ब्रीफ

### पाखंड और प्रदर्शन में लिप्त लोग भगवान को कतई पसंद नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जो लोग धन-संपत्ति के दम पर प्रभु को पाना चाहते हैं, उन्हें नहीं पता कि भगवान बिकने वाले नहीं हैं। संसार मौत का कुंआ है, जबकि भागवत मोक्ष का महासागर। भगवान को ऐसे लोग पसंद नहीं हैं जो पाखंड और प्रदर्शन में लिप्त रहते हैं। अग्नि के पास जाने पर जल जाएंगे, पानी के पास डूब जाएंगे, आंधी के पास उड़ जाएंगे लेकिन भगवान के पास जाएंगे तो भवसागर से पार लग जाएंगे। हम संसार के लोग अपने रिश्तों में स्वार्थ और कपट रखते हैं लेकिन भगवान का अपने भक्तों के साथ रिश्ता शुद्ध, प्रेम और माधुर्य का होता है। भगवान जो भी करते हैं, भक्तों के लिए ही करते हैं स्वयं के लिए कुछ नहीं। ये प्रेरक विचार हैं वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के, जो उन्होंने गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में गोवर्धन पूजन प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए।

### अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट के चुनाव में हुकमचंद पैनल के सभी प्रत्याशी भारी जीते

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्री नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में हुकमचंद अग्रवाल पैनल के सभी 11 प्रत्याशी भारी मतों से विजयी रहे। चुनाव अधिकारी सावन गर्ग एवं अभिभाषक महेश गर्ग के निर्देशन में तेली बाखल मल्हारगंज स्थित ट्रस्ट भवन पर रविवार को सम्पन्न हुए चुनाव में कुल 131 में से 122 सदस्यों ने मतदान में भाग लिया। पैनल संयोजक विजय अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन अधिकारियों ने देर रात को मतगणना के बाद घोषित किए गए नतीजों में सर्वश्री हुकमचंद अग्रवाल, डॉ महेश गर्ग, विजय कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल दद्दू, प्रकाश ऐरन तीन इक्का, विनय अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, विनोद कुमार बंसल, गोपाल दास अग्रवाल, डॉ संजय अग्रवाल एवं योगेश अग्रवाल को विजयी घोषित किया जबकि 3 अन्य प्रत्याशी रजत गर्ग, नितिन गर्ग एवं दुर्लभ सांघी को कड़ी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

### महामंडलेश्वर रामानंददास महाराज सहित अन्य संत पधारे, किया सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रघुनाथपुरम स्थित श्री सीता सर्वेश्वर राम मंदिर में सोमवार को अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामानंद दास महाराज सहित अन्य संत पधारे संतों का श्रद्धा और सम्मान के साथ अभिनंदन किया । इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष जानकी बल्लभ दास महाराज एवं अशोक बीदासरिया ने महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज के पावन सानिध्य में महामंडलेश्वर रामानंद दास महाराज सहित अन्य संतों का हार-फूलमालाओं से स्वागत किया तथा शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान भगवान *श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का विशेष एवं मनोहारी श्रृंगार भी किया। इस अवसर पर चंद्रभान रिचरिया, सन्नी शर्मा, लोकेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# सावन में शिवजी पर चढ़ेंगे बेलपत्र; 24 घंटे गूंजेंगे मंत्र

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • 30 जुलाई से महादेव की भक्ति का महीना शुरू होगा। सावन के पवित्र महीने में शिवालयों में बेलपत्र चढ़ाने की परंपरा को भूतेश्वर महादेव मंदिर ऐतिहासिक महाअनुष्ठान का रूप देने जा रहा है। यहां 29 जुलाई से 28 अगस्त तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान होगा। इसे 'सर्वमनोकामना सिद्धप्रद अहर्निश लक्ष बिल्वार्चन चिंतामणि महाप्रयोग' नाम दिया गया है। दावा है कि यह पहला ऐसा आयोजन है, जिसमें 30 दिन तक 24 घंटे



बिना रुके लगातार बिल्वार्चन (बेलपत्र अर्पण) किया जाएगा। इस दौरान पूरे महीने में भगवान शिव को करीब 30 लाख बेलपत्र अर्पित किए जाएंगे। कोल्ड स्टोरेज हर दिन एक लाख बेलपत्र की भारी आवश्यकता को पूरा करने के लिए मंदिर समिति ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसके तहत नर्मदा किनारे वन विभाग और निजी क्षेत्रों से जुड़े करीब 100 बेल के पेड़ों को पहले ही चिह्नित कर लिया गया है। पत्तों की ताजगी बनी रहे और वे खराब न हों, इसके लिए मंदिर परिसर में ही एक विशेष कोल्ड स्टोरेज तैयार किया गया है, जहां तीन दिन का स्टॉक सुरक्षित रखा जा सकेगा।

8 शिवलिंग पर हर 2 घंटे में बदलेंगे यजमान मंदिर के पंडित हरीशानंद तिवारी के अनुसार, मुख्य शिवलिंग के अतिरिक्त परिसर में 7 और पार्थिव शिवलिंग स्थापित किए जाएंगे। इन आठों शिवलिंगों पर चौबीसों घंटे अनुष्ठान चलेगा। 2-2 घंटे के स्लॉट : आम श्रद्धालुओं को इस दिनभर में कुल 12 शिफ्ट होंगी। डॉ. विनायक पांडे के आचार्यत्व में हर शिवलिंग पर प्रत्येक दो घंटे में करीब 1 हजार बेलपत्र चढ़ाए जाएंगे। इस प्रकार 24 घंटे में करीब एक लाख बेलपत्र अर्पित होंगे। इस दौरान लगातार मंत्र जाप भी होगा। देशभर से आ रहे 51 विद्वान, 24 अगस्त को नगर भ्रमण होगा पं. यतींद्र तिवारी ने बताया इस महाअनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए देशभर से 51 विद्वान आचार्य और ब्राह्मण इंदौर आ रहे हैं। इनके निर्देशन में चौबीसों घंटे रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ और वैदिक मंत्रोच्चार किए जाएंगे। निर्बाध पूजा के लिए आचार्यों की अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। इस एक माह के अनुष्ठान के बीच 24 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे भूतेश्वर महादेव की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## केंद्रीय समिति सेन समाज ने 74 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति सेन समाज इंदौर ने चाणक्यपुरी स्थित संत शिरोमणि सेन महाराज प्रतिमा स्थल पर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में शहर के विभिन्न गोटों के 74 मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, डॉक्यूमेंट बैग एवं पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को पौधों देकर अपने घरों में रोपने और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया। समिति के अध्यक्ष निलेश सेन 'शैलू' और कार्यकारी अध्यक्ष संदीप श्रीवास ने बताया कि समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करना नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। इसी सोच के साथ इस वर्ष सम्मान समारोह को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा भी भेंट किया गया। विद्यार्थियों को पौधे को घर में रोपने और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान करके की। 10वीं 12वीं और कॉलेज में 75% से लेकर 98% तक लाने वाले 74 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मधु वर्मा ने समाज के पांच होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार देने की घोषणा की। सेन समाज की बहू इंदौर नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सोनीला पवन कुमार भाटिया (मिमरोट) का स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं एमआईसी सदस्य एवं जलकर समिति अध्यक्ष बबलू शर्मा ने संत शिरोमणि सेन जी महाराज प्रतिमा स्थल परिसर के गार्डन के जीर्णोद्धार और आवश्यक विकास कार्यों में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल द्वारा प्रत्येक वर्ग के लिए दूरदर्शी योजनाओं की घोषणा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के द्विवार्षिक चुनाव में मैदान में उतरी 'जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल' ने अपने पितृपुरुष महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महालक्ष्मी के आदर्श, सिद्धांतों तथा समाज की प्रतिष्ठा और गरिमा के अनुरूप अपना संकल्प पत्र जारी किया और समाज बंधुओं के लिए हॉस्पिटल, कॉलेज, युवाओं तथा छात्रों के लिए कोचिंग एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ ही प्रतिवर्ष समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं और बच्चों के लिए समय-समय पर धार्मिक एवं शैक्षणिक यात्राएं आयोजित करने का भी वचन दिया। पैनल के उम्मीदवारों ने पिछले 3 दिनों में विजय नगर, अन्नपूर्णा, नवलखा एवं आसपास के क्षेत्रों की कॉलोनियों में पहुंचकर समाज बंधुओं से मुलाकात की और उन्हें अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराया।

### यूसीसी जिस दिन लागू होगी, शहर में करेंगे भव्य आतिशबाजी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का होगा नागरिक अभिनंदन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संस्था चैतन्य भारत ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के संकल्प एवं कैबिनेट में मंजूर हुए प्रस्ताव का जोरदार स्वागत करते हुए ऐलान किया है कि जिस दिन प्रदेश में यूसीसी लागू हो जाएगी उस दिन शहर में भव्य आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नगर आगमन पर उनका नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। संस्था ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को क्रांतिकारी और स्वागत योग्य बताया है। चैतन्य भारत के अध्यक्ष सीताराम व्यास, संगठन प्रभारी विष्णु गोयल एवं स्वदेश राजोरिया ने बताया कि संस्था की आवश्यक बैठक में कैबिनेट के इस संकल्प पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि यूसीसी लागू होने से उन लोगों की सोच में बदलाव आएगा जो अब तक धर्म विशेष के विशेषाधिकार के कारण अन्य समाज से अलग पहचान बनाकर राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित नहीं हो पा रहे थे। संगठन के सह-संयोजक कांतिभाई पटेल एवं महामंत्री मनीष बोहरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा और डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार से एक देश एक कानून की प्रतीक्षा पूरा देश वर्षों से कर रहा है। अब डॉ. यादव ने ऐतिहासिक कदम उठाने के संकेत देकर देश के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं का सम्मान किया है। इस कानून के लागू होने के दिन संस्था चैतन्य भारत द्वारा शहर में आतिशबाजी और मुख्यमंत्री के प्रथम नगर आगमन पर उनका नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए 108 सदस्यीय समिति के गठन का प्रस्ताव है जिसमें शहर के प्रमुख संत-विद्वान, धर्माचार्य, सकल हिन्दू समाज के वरिष्ठजन शामिल होंगे।

## विहिप नेता ने लगाया मुस्लिम जिहादियों पर आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •इंदौर में फिर हुवा हैदरी दल सक्रिय हैदरी दल के सदस्य ने एक युवक बचपन की फ्रेंड को उसके निवास चंदन नगर पर छोड़ने गया जहां हिन्दू युवक को मुस्लिम लड़की के साथ देख कर हैदरी दल के सदस्य सक्रिय हो गए ओर भगवा लव ट्रेप का नाम देकर हिन्दू युवक की पिटाई कर दी गनीमत हो कि लड़की के परिजन ने अपने हिन्दू दोस्त को अपने घर में छुपा लिया जहाँ हजारों की भीड़ ने अल्लाह हु अकबर ओर हैदरी दल के नारे के साथ हिन्दू युवक को जान से मारने पर उतारू हो गए ओर भगवा लव ट्रेप का नाम देकर उसकी हत्या तक उतारू हो गए इसी बीच हिन्दू युवक ने विहिप नेता को सूचना दी ओर बताया कि हजारों मुस्लिम कट्टर पंथियों ने मुझे चंदन नगर में घेर रखा हे ओर भगवा लव ट्रेप का नाम के नारे लगाकर मेरी हत्या करना चाहते हे मुझे बचाए भैया जिस पर विहिप नेता ने तुरंत बजरंगी सेना तैयार कर थाना चंदन नगर को सूचना कर घटना से अवगत कराया ओर युवक को मुस्लिम जिहादियों के चुंगल से छुड़वाया जहां विहिप नेता के साथ बड़ी संख्या में थाना चंदन पहुंचे और आरोपी के साथ हैदरी दल के सदस्य ओर मुस्लिम जिहादी कट्टर पंथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

### अन्नपूर्णा रोड स्थित रेवेन्यू नगर में शिवार्पण पर शाम को होगा सत्संग एवं पाद पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • वेद व्यास धाम नेमिषारण्य के पीठाधीश्वर एवं विश्व के एकमात्र तरंग विज्ञान के साधक आचार्य प.पू. अनिल शास्त्री मंगलवार 21 जुलाई को इंदौर आएंगे। वे यहाँ रेवेन्यू नगर, अन्नपूर्णा रोड स्थित 'शिवार्पण' पर आचार्य पं. पुष्पानंदन व्यास मंडल के तत्वावधान में आयोजित गुरु पाद पूजन महामहोत्सव में अपने भक्तों को सानिध्य प्रदान करेंगे। आचार्य पं. पुष्पानंदन व्यास मंडल के श्यामसुंदर अटल, विमल लालावत, प्रकाश अजमेरा एवं पुरुषोत्तम मानधन्या ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शाम 7 से 9 बजे तक रेवेन्यू नगर (एमआरएफ शोरूम के पीछे) स्थित 'शिवार्पण' में उनका पाद पूजन किया जाएगा जिसमें मालवांचल के श्रद्धालु और शिष्य शामिल होंगे। आचार्य पं. अनिल शास्त्री आगामी 14 नवम्बर से नेमिषारण्य में विश्व शांति की कामना से 88 हजार श्रीमद भागवत पारायण महामहोत्सव का दिव्य आयोजन कर रहे हैं जो संभवत: विश्व में अपने किस्म का पहला और अनूठा कार्यक्रम होगा जिसमें बड़ी संख्या में इंदौर एवं मालवांचल के श्रद्धालु भी भागीदार बनेंगे। 30 वर्ष पूर्व लिए गए संकल्प को साकार करने का लक्ष्य - आचार्य पं. शास्त्री ने 30 वर्ष पूर्व संकल्प किया था कि वे अपने जीवनकाल में 88 हजार भागवत पारायण के अनुष्ठान सम्पन्न कराएंगे। अब तक वे प्रत्येक 5 वर्ष में 11-11 हजार भागवत पारायण का अद्भुत अनुष्ठान नेमिषारण्य में करा चुके हैं जिनमें देश-विदेश के एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## दिगंबर जैन समाज की 84 जातियों को एक मंच पर लाने का ऐतिहासिक संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारतवर्षीय दिगंबर जैन सर्वजातीय महासंघ, इंदौर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बैठक रविवार, 19 जुलाई 2026 को श्री हसमुख जैन गांधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस विशेष बैठक का मुख्य उद्देश्य दिगंबर जैन समाज की सभी विभिन्न जातियों के सदस्यों को एक साझा मंच प्रदान करना, आपसी परिचय बढ़ाना और समाज के सामूहिक मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करना रहा। मंच पर मुख्य रूप से शेखर छाबड़ा खंडेलवाल समाज, निमिष जैन पौडवाल समाज, डी. के. जैन (डीएसपी) गोलापुर्व समाज, अरविंद बंडी हुम्मड़ एवं जैनेंद्र सावला बघेरवाल समाज मंचासीन रहे।।अनेक समाज के अध्यक्ष या




प्रमुख जिसमें मुकेश कुमार जैन अग्रवाल समाज महासंघ,आशीष जैन जैसवाल समाज, राजेन्द्र जैन गोलालारिया समाज , ऋषभ जैन जैसवाल उपरोचियाँ समाज, नवीन जैन खरोंआ समाज,सुधीर सिंघई लामेंचु समाज, विजय ओरा नरसिंहपुरा समाज,सुधीर जैन पद्मावती पोरवाल समाज, राजीव जैन पल्लीवाल महासभा, डॉ उदय जैन तारण तरन समाज,सुनील जैन सेतवाल समाज उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए महासंघ के अध्यक्ष श्री हसमुख जैन गांधी ने बताया कि दिगंबर जैन समाज में कुल 84 जातियां सम्मिलित हैं। समाज को एकजुट करने के इस अभियान के तहत पूर्व में सिद्धवरकूट में 45 जातियों का सफल सम्मेलन आयोजित किया जा चुका है, वहीं अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में 24 जातियों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने सहभागिता की थी।

## 11वीं नेशनल योग चैंपियनशिप में विधि चौहान को कांस्य पदक




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा WYSF इंडिया योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वाधान में दिनांक 10 से 12 जुलाई तक मंदसौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 11वीं नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मेडतवाल पब्लिक स्कूल की विधि चौहान ने मध्य प्रदेश राज्य योग स्पोर्ट्स टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सब जूनियर आयु वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया । इस सफलता पर डायरेक्टर डॉ.अनिल गुप्ता, प्राचार्य श्रीमती प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षक ईश्वर सिंह चौहान एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### नीट विवाद से बढ़ी टकराव की राजनीति, जवाबदेही के सवालों पर क्यों नहीं हो रही बात?

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन सोमवार को जिस रूप में पहुंच गया, उससे बचने के लिए अगर सिर्फ बातचीत का रास्ता अख्तियार किया गया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। दरअसल, काकरोच जनता पार्टी ने सरकार से तीन मुख्य मांगों के साथ 'चलो संसद' का आह्वान किया था। वहां बड़ी संख्या में जमा हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, बल प्रयोग किया, जिसमें कई युवाओं के घायल होने की खबर आई। इस रुख ने एक बार फिर देश की लोकतांत्रिक परंपरा और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर चोट ही पहुंचाई है। संभव है कि इस तरह की सख्ती के जरिए आंदोलनकारियों की आवाज को फिलहाल शांत कर दिया जाए, लेकिन क्या इससे वे सवाल खत्म हो जाएंगे, जिन्हें लेकर युवाओं के सामने सड़क पर उतरने की नौबत आई? अगर सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के मुद्दों को हंगामे के शोर में दफ्न करना नहीं है, तो क्या इसके लिए वक्त पर संवाद की पहल नहीं की जानी चाहिए थी? इससे पहले शनिवार को इसी मुद्दे पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से पुलिस जिस तरीके से उठाकर ले गई थी, उस पर भी सवाल उठे थे। मगर उसके बाद भी सरकार ने अपनी ओर से आंदोलनकारी युवाओं की मांगों पर विचार करना या उन पर बातचीत करना जरूरी नहीं समझा। 'चलो संसद' के आह्वान के बाद एक तरह से पहले से ही सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट था कि सोमवार को जंतर-मंतर पर होने वाला प्रदर्शन ज्यादा जटिल स्वरूप भी अख्तियार कर सकता है। सरकार ने उन्हें रोकने के लिए जिस शिद्दत से पुलिस बल को खुला छोड़ दिया, जो निर्देश दिए, क्या उतनी ही संजीदगी से आंदोलनकारी युवाओं से बातचीत के जरिए मसले का हल निकालने की कोशिश नहीं की जा सकती थी? हालांकि हंगामे के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई और उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र उन्हें सौंपा, मगर यह समझना मुश्किल है कि आखिर सरकार ने किन वजहों से इस संदर्भ में शुरू से ही उदासीनता और उपेक्षा का रुख अपनाए रखा।

# संसद का मानसून सत्र 2026 शुरू - विपक्ष का हंगामा शुरू

वैश्विक स्तरपर 20 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुआ 13 अगस्त तक चलने वाले इस संसद के मानसून सत्र पर पूरे विश्व की नज़रें लगी हुई है। कुल 19 बैठकें निर्धारित हैं।संसद में 28 विधेयक लंबित हैं।इनमें से 5 नए विधेयक पेश किए जाने हैं और 2 लंबित विधेयकों को पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।यह केवल एक नियमित संसदीय सत्र नहीं,बल्कि भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था निवेश वातावरण और वैश्विक छवि के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा माना जा रहा है। यह सत्र ऐसे समय शुरू हुआ है जब भारत दुनियाँ की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है,भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता लागू हो चुका है,अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की निगाह भारत पर है और विकसित भारत -2047 का रोडमैप निर्णायक चरण में प्रवेश कर रहा है। सत्र प्रारंभ होने से पहले माननीय पीएम ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए सभी दलों से रचनात्मक सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि संसद का उत्पादक संचालन देशहित,जनकल्याण और विकास के लिए आवश्यक है तथा भारत की हाल की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक चर्चा होनी चाहिए। दूसरी ओर विपक्ष पहले से ही सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाकर आया था, जिससे पहले दिन से ही टकराव की स्थिति बन गई।

सरकार ने इस मानसून सत्र के लिए लगभग आठ प्रमुख विधेयकों का विधायी एजेंडा रखा है। इनमें इन्कम-टैक्स (अमेन्डमेंट) बिल , 2026, जिसमें विदेशी संस्थागत निवेशकों और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स को सरकारी प्रतिभूतियों से होने वाली आय पर कर छूट से संबंधित प्रावधान।माइक्रो , स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज डेवलपमेंट (अमेन्डमेंट ) बिल 2026 एमएसएमई को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था मजबूत करना।मध्यस्थता (आरबिंस्ट्रेशन) के निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रावधान।राज्यों को फेसिलिटेशन कौंसिल के गठन में अधिक अधिकार देना। रजिस्ट्रेशन ऑफ़ बर्थस एंड डेथस (अमेन्डमेंट) बिल ,2026जन्म और मृत्यु के विलंबित पंजीकरण के नियमों को अधिक कठोर बनाना। पंजीकरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना।सुप्रीम कोर्ट (नंबर ऑफ़ जजेस) अमेन्डमेंट बिल, 2026 सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने का प्रस्ताव। प्रेवेंशन ऑफ़ इंसल्ट्स टू नेशनल हॉनर (अमेन्डमेंट) बिल, 2026 राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम, 1971 में संशोधन। रिपोर्टों के अनुसार इसमें 'वंदे मातरम' को वैधानिक संरक्षण देने और उसके अपमान को दंडनीय बनाने का प्रावधान शामिल है। इसके अलावा पहले से लंबित प्रमुख कई विधेयक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजनीतिक गलियारों में परिसीमन (डेलिमिटेशन) से जुड़े संभावित विधेयक पर भी व्यापक चर्चा रही,क्योंकि इसका संबंध भविष्य में महिलाओं के आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन और लोकसभा सीटों के पुनर्निर्धारण से जोड़ा जा रहा है। हालांकि सरकार ने परिसीमन पर अंतिम निर्णय



सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया,फिर भी यह विषय पूरे सत्र का सटीकता से सबसे संवेदनशील राजनीतिक मुद्दा बन गया। उधर विपक्ष ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह सरकार को केवल विधेयकों पर नहीं,बल्कि महंगाई, बेरोजगारी,कृषि संकट, मणिपुर की स्थिति,नीट परीक्षा विवाद,छात्र आंदोलनों अयोध्या मंदिर दान प्रकरण तथा परिसीमन जैसे विषयों पर घेरेगा। विपक्ष का तर्क था कि जनता से जुड़े इन प्रश्नों पर पहले चर्चा होनी चाहिए, जबकि सरकार का जोर विधायी कार्यों को आगे बढ़ाने पर था। यही टकराव पहले दिन काम काज़ शुरू होने के पहले घंटे से ही सदन के भीतर खुलकर दिखाई दिया। 20 जुलाई की सुबह जैसे ही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई,विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्ष ने छात्र आंदोलनों और परीक्षा संबंधी मुद्दों पर तत्काल चर्चा की मांग की।अध्यक्ष द्वारा बार-बार व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई,किंतु शोर- शराबा जारी रहा। परिणामस्वरूप दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित करनी पड़ी। समाचारों के अनुसार दोपहर तक लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कम से कम पाँच बार स्थगित हुई और बाद में दोनों सदनों को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। पहले दिन कोई बड़ा विधायी कार्य नहीं हो सका।

साथियों, पहले दिन की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि आगामी 25 दिन सरकार और विपक्ष के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। सरकार का लक्ष्य आर्थिक सुधारों,कर प्रणाली, उद्योग,निवेश और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े विधेयकों को पारित कराना है, जबकि विपक्ष जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह बनाने की रणनीति अपनाए हुए है। यदि दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित नहीं होता, तो संसदीय उत्पादकता प्रभावित हो सकती है।आर्थिक दृष्टि से यह सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है। विदेशी निवेशक केवल आर्थिक आंकड़े ही नहीं देखते, बल्कि यह भी देखते हैं कि किसी देश की संसद कितनी स्थिरता और दक्षता से निर्णय लेने में सक्षम है। यदि महत्वपूर्ण आर्थिक विधेयक समय पर पारित होते हैं, तो इससे भारत की निवेश क्षमता और वैश्विक विश्वसनीयता मजबूत होगी। इसके विपरीत लगातार गतिरोध से निवेशकों में अनिश्चितता का संदेश जा सकता है।

भारतीय शेयर बाजार भी इस सत्र पर निकट दृष्टि रखे हुए है। बैंकिंग, कर सुधार, एमएसएमई विनिर्माण डिजिटल अर्थव्यवस्था और आधारभूत संरचना से जुड़े विधेयकों का सीधा प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों के शेयरों पर पड़ सकता है। यदि सरकार सुधारवादी एजेंडा आगे बढ़ाने में सफल रहती है, तो दीर्घकाल में निवेशकों का विश्वास और मजबूत हो सकता है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का यह सत्र महत्वपूर्ण माना जा रहा है।भारत आज भी ज़ी-20 ब्रिक्स क्वाड तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में संसद की कार्यक्षमता यह संदेश देती है कि भारत केवल तेज़ आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के साथ भी आगे बढ़ रहा है। इसलिए विदेशी सरकारें, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और वैश्विक रेटिंग एजेंसियाँ भी इस सत्र के परिणामों पर नज़र रख रही हैं। विज़न-2047 के संदर्भ में भी यह मानसून सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है।विकसित भारत का लक्ष्य केवलआर्थिक वृद्धि से प्राप्त नहीं होगा; इसके लिए कर सुधार, औद्योगिक विस्तार,रोजगार सृजन, शिक्षा,कृषि,डिजिटल प्रशासन और राजनीतिक सहमति जैसे अनेक क्षेत्रों में निरंतर सुधार आवश्यक हैं। संसद इन सभी सुधारों का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच है। इसलिए अगले कुछ सप्ताहों में लिए जाने वाले निर्णय दूरगामी प्रभाव डाल सकते हैं। 20 जुलाई 2026 को शाम लगभग 5 बजे तक की स्थिति यह रही कि सदन का पहला दिन राजनीतिक टकराव की भेंट चढ़ गया। दोनों सदनों की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई और अंततः पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने की इच्छा दोहराई, जबकि विपक्ष ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह जनहित और राजनीतिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा के बिना सदन को सामान्य रूप से चलने नहीं देगा। यदि भारतीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का वैश्विक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण किया जाए तो स्पष्ट होता है कि विश्व की लगभग सभी प्रमुख लोकतांत्रिकव्यवस्थाओं में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि आर्थिक विश्वास का भी सबसे महत्वपूर्ण आधार होती है। अमेरिका में कांग्रेस केगतिरोध ब्रिटेन में हाउस ऑफ कॉमन्स? की राजनीतिक अस्थिरता, फ्रांस में संसद में बहुमत के संकट अथवा जापान में नीति निर्माण में देरी का सीधा प्रभाव वहां के शेयर बाजारों, विदेशी निवेश तथा मुद्रा बाजार पर पड़ता रहा है। भारत भी अब पाँच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर एक वैश्विक शक्ति है, इसलिए भारतीय संसद की कार्यवाही पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक, वैश्विक निवेश बैंक, अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियाँ, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ निरंतर निगाह रखती हैं। यदि संसद में महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों,कर प्रणालीऔद्योगिक विकास, डिजिटल गवर्नेंस, रोजगार सृजन, कृषि आधुनिकीकरण तथा न्यायिक सुधारों से जुड़े विधेयकों पर सार्थक चर्चा होती है और समयबद्ध निर्णय लिए जाते हैं, तो भारत की ईजी ऑफ़ डूइंग बिज़नेस,निवेश आकर्षण और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को नई गति मिल सकती है। इसके विपरीत यदि पूरा सत्र केवल राजनीतिक टकराव, नारेबाजी और बार-बार स्थगन तक सीमित रह जाता है, तो इससे सुधारों की गति प्रभावित हो सकती है। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था आज पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और विविधतापूर्ण है, फिर भी संसदीय उत्पादकता वैश्विक निवेशकों के लिए राजनीतिक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण संकेतक बनी रहती है। यही कारण है कि 20 जुलाई 2026 से प्रारंभ हुआ यह मानसून सत्र केवल भारतीय राजनीति का विषय नहीं, बल्कि वैश्विक आर्थिक समुदाय की दृष्टि से भी सटीकता से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरी ओर, यह मानसून सत्र भारत के लोकतांत्रिक परिपक्वता की भी एक बड़ी परीक्षा है।सरकार के सामने चुनौती है कि वह अपने विकास, आर्थिक सुधार और विकसित भारत 2047 के एजेंडे को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाए, जबकि विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है कि वह जनहित से जुड़े प्रश्नों,महंगाई, बेरोजगारी, कृषि, शिक्षा,मणिपुरपरिसीमन सामाजिक न्याय और संघीय ढाँचे पर सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करे। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति तब दिखाई देती है जब सत्ता और विपक्ष दोनों टकराव के बजाय तर्क, संवाद और समाधान को प्राथमिकता देते हैं। यदि आगामी 25 दिनों में संसद सार्थक बहस, उच्च स्तर की संसदीय मर्यादा और राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखते हुए महत्वपूर्ण विधेयकों पर सहमति बनाने में सफल रहती है, तो यह न केवल भारत की लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा को विश्व स्तर पर और मजबूत करेगा, बल्कि निवेशकों का विश्वास बढ़ाकर अर्थव्यवस्था, उद्योग रोजगार, स्टार्टअप, विनिर्माण शेयर बाजार और 'विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को भी नई गति देगा। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मानसून सत्र 2026 केवल एक संसदीय कैलेंडर का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह उन ऐतिहासिक निर्णयों का मंच बन सकता है जो आने वाले दो दशकों में भारत की आर्थिक, राजनीतिक और वैश्विक भूमिका की दिशा और दशा दोनों निर्धारित करेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि इस प्रकार मानसून सत्र का पहला दिन यह संकेत देता है कि अगले 25 दिन केवल राजनीतिक बहस तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि भारत की आर्थिक नीतियों, निवेश वातावरण, शेयर बाजार की दिशा और विकसित भारत-2047 के रोडमैप के लिए भी निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। यदि सरकार और विपक्ष लोकतांत्रिक संवाद तथा रचनात्मक सहयोग का मार्ग अपनाते हैं, तो यह सत्र भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों का आधार बन सकता है; अन्यथा बार-बार का गतिरोध आर्थिक सुधारों की गति को प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की निगाह आज भारतीय संसद पर टिकी हुई है।

-संकलनकर्ता लेखक-
एडवोकेट **किशन सनमुखदास भावनानीं,**
गोंदिया, महाराष्ट्र

## आंचलिक

# नवागत नगर पुलिस अधीक्षक गुर्जर ने क्या पदभार ग्रहण

### असामाजिक तत्वों की खैर नहीं, कानून का पालन करवाना प्राथमिकता

**अजय नलवाया (7879800048)**

**धार • दैनिक इंदौर संकेत**

धार नगर मुख्यालय पर आज सोमवार को नवागत नगर पुलिस अधीक्षक शशांक गुर्जर द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया गया! आपको बताते चले की नवागत नगर पुलिस अधीक्षक श्री गुर्जर इसके पूर्व मध्य प्रदेश पुलिस की हाक फोर्स बालाघाट में पदस्थ थे!

मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग से जारी स्थानांतरण आदेश के बाद से ही धार नगर पुलिस अधीक्षक का पद रिक्त था आज गुर्जर द्वारा परिवार ग्रहण करने से यह कर्तव्य में आ गया है साथ ही नवागत पुलिस अधीक्षक धार से धार की जनता कानून व्यवस्था बनाए रखने की आशा करती है!



### पुलिस पब्लिक मध्यस्थता जरूरी

नवागत नगर पुलिस अधीक्षक गुर्जर ने चर्चा में बताया कि किसी भी शहर में कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चलने के लिए पुलिस एवं पब्लिक की मध्यस्थता अत्यंत आवश्यक कड़ी है और मैं समस्त धार नगर वासियों को विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा साथ ही शहर के प्रत्येक जिम्मेदार नागरिकों से अपील है की अगर वह अपने आसपास कोई भी संदिग्ध गतिविधि करते हुए किसी को देखते हैं तो मुझे अवगत कराये मैं स्वयं कार्रवाई के लिए संबंधित थाना प्रभारी को निर्देश दूंगा!

# गोपालपुरा डैम का जलस्तर तेजी से घटा पेयजल और सिंचाई पर बढ़ी चिंता

**दैनिक इंदौर संकेत**

**मनावर •** मनावर क्षेत्र में मान नदी पर बने गोपालपुरा डैम का जलस्तर लगातार घट रहा है। पिछले आठ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण डैम में पानी की आवक बंद है। यह डैम नगर की पेयजल व्यवस्था और आसपास के किसानों की सिंचाई का प्रमुख स्त्रोत है।

डैम के जल प्रभारी मुकेश पाटीदार ने बताया कि पिछले महीने जीराबाद मान परियोजना से एक बार पानी छोड़ा गया था, जिससे गोपालपुरा डैम भर गया था। इसके बाद बारिश नहीं होने से जलस्तर लगातार कम हो रहा है। फिलहाल गेट बंद कर पानी का भंडारण किया जा रहा है।

डैम के पास खेती करने वाले किसान कैलाश ने बताया कि क्षेत्र में कपास, सोयाबीन और मक्का की खरीफ फसल की सिंचाई



फिलहाल डैम के पानी से की जा रही है। ऐसे में जलस्तर में कमी का असर कृषि पर भी पड़ सकता है। मनावर नगर में हर महीने करीब 30 एमसीएफटी पानी की खपत होती है। इसी डैम से नगर के 15 वार्डों और कॉलोनियों में पूरे साल एक दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति की जाती है।

### डैम के गहरीकरण की योजना

नगर पालिका जल समिति अध्यक्ष मांगीलाल सावले ने बताया कि भविष्य में गोपालपुरा डैम का विस्तार और गहरीकरण करने की योजना है, ताकि जल भंडारण क्षमता बढ़ाई जा सके।

# चंदन राजपूत को बनाया एनएसयूआई जिलाध्यक्ष

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा •** भाजपा में एक तरफ देर रात युवा मोर्चा जिलाध्यक्षों की घोषणा की गई, इसके कुछ घंटों बाद कांग्रेस से भी एक लिस्ट जारी हुई। प्रदेश कांग्रेस ने देर रात छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी हैं। खंडवा ईकाई का जिलाध्यक्ष चंदन राजपूत को बनाया गया हैं। जो लंबे समय से छात्र राजनीति से जुड़े हुए हैं। चंदन राजपूत कांग्रेस जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपालसिंह पुरनी के करीबी हैं। हालांकि, नियुक्ति के पीछे चंदन राजपूत की सक्रियता हैं, जो अलग-अलग मुद्दों पर छात्रों को संगठित कर सरकार को घेर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने जावर उद्वहन सिंचाई योजना में हुए घोटाले को लेकर आंदोलन किया गया। गांव-गांव पैदल मार्च निकाला और महाराणा प्रताप प्रतिमा से लेकर कलेक्ट्रेट तक दंडवत यात्रा तक की। वहीं, खास बात यह है कि चंदन राजपूत दो चुनाव लड़ें है, और दोनों हार चुके हैं। उन्होंने एक चुनाव जनपद सदस्य का तो दूसरा चुनाव पार्टी संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष का लड़ा था।

# होटल में चोरी, शटर का ताला तोड़कर घुसे बदमाश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बड़वाह •** नगर के महेश्वर रोड पर साई अस्पताल के सामने स्थित एक होटल में बीती रात चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर और गल्ले का ताला तोड़कर करीब 15 हजार रुपये नकद और 5 हजार रुपये मूल्य का सामान चुरा लिया। कुल 20 हजार रुपये की चोरी की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

होटल संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि वे प्रतिदिन की तरह कल रात लगभग 10:30 बजे अपनी दुकान बंद करके निकले थे। उन्हें दुकान में कुछ काम करवाना था, जिसके लिए वे बैंक से 10 हजार रुपये निकालकर लाए थे। यह राशि और दिनभर की कमाई के 5 हजार रुपये, कुल 15 हजार रुपये उन्होंने दुकान के गल्ले में ही छोड़ दिए थे।

शर्मा का विचार था कि दुकान बंद करने के बाद वे बाल कटवाने सैलून जाएंगे और वहां से लौटकर पैसे अपने साथ ले जाएंगे। हालांकि, सैलून में अधिक समय लगने के कारण वे दोबारा दुकान पर नहीं आए और सीधे अपने घर चले गए।

आज सुबह जब संचालक राजेश शर्मा अपनी दुकान पहुंचे, तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर देखने पर गल्ले में रखी 15 हजार रुपये की नकदी गायब थी। चोरों ने दुकान में रखा अन्य सामान भी बिखेर दिया था। बदमाश नकदी के साथ-साथ दुकान से करीब 5 हजार रुपये मूल्य के गुटखा पाउच और अन्य सामान भी चुरा ले गए।

इस घटना के बाद, पीड़ित दुकानदार ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पेपर लीक के विरोध में सड़कों पर उतरे स्टूडेंट, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन •** विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में सोमवार को जयस आदिवासी संगठन के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र सड़कों पर उतर आए। दोपहर 12 बजे निकली रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां छात्रों ने धरना देकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने नई दिल्ली में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन को भी समर्थन दिया।

छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर रैली में शामिल हुए। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद करीब आधे घंटे तक धरना दिया और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित



धांधली व लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों के खिलाफ नारेबाजी की। जयस ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया और शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगा।

रैली के समापन पर छात्रों ने अपनी मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने, पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित करने की मांग की गई।

जयस नेता सचिन रंधावा ने आरोप लगाया कि लगातार पेपर लीक होने और समय पर परिणाम घोषित नहीं होने से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।

जयस संयोजक राजेंद्रसिंह पंवार ने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं के बावजूद अब तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की।

# हॉकी इंदौर एसोसिएशन व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● हॉकी इंदौर एसोसिएशन व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर द्वार प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित 39 वा जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन बालक व बालिकाओ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का समापन आज क्रीड़ा भारती भवन रामबाग मे मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने किया,कार्यक्रम की अध्यक्षता शा अहिल्या आश्रम स्कूल के प्राचार्य विपिन जैन ने की, विशेष अतिथि शा होलकर साइंस महाविद्यालय के पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ मुख्तियार खान, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय मंत्री हरीश डागुर, हॉकी इंदौर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ एके दास, कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद थे शिविर मे 115 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों को एन आई एस कोच अतुल खुणे,नितिश गौड, नवेद अंसारी व मुख कोच मो याकुब अंसारी ने खिलाड़ियों को हॉकी खेल व खेल की बारीकी के बारे में जानकारी दी। शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका यादव, मो इस्माईल अंसारी, अतुल खुणे, नितिश गौड, नवेद अंसारी,अयुब खान, दीपक यादव, जगदीश भट्ट, मानसिंह बारिया,जयेश व्यास, अदिति कसेरा, गुरप्रीत सिंह धारीवाल आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने किया व अंत मे एसोसिएशन के सहसचिव व कोच मो याकुब अंसारी ने आभार व्यक्त किया।

## नाथन स्मिथ-डैनी व्यॉट प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित, आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों का किया ऐलान

**दुबई (एजेंसी)** ● आईसीसी ने जून, 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ और महिला वर्ग में इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी व्यॉट-हॉज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। 27 वर्षीय नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

टीम के कई प्रमुख तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के बावजूद स्मिथ ने नई गेंद से जिम्मेदारी संभाली और पूरी सीरीज में 23 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में भारत के कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेश के ऑलराउंडर मोसादेक हुसैन को पीछे छोड़ा।

## शुभमन ने हार के लिए खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने को बड़ा कारण बताया



**लंदन (एजेंसी)** ● इंग्लैंड के खिलाफ तीसर एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की हार पर कप्तान शुभमन गिल भड़क गये। इस मैच में हार के साथ ही भारतीय टीम सीरीज भी 1-2 से हार गयी। हार के बाद शुभमन ने खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी सवाल उठाये। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन मैचों की छोटी सीरीज में भी खिलाड़ियों का फिट न रह पाना एक गंभीर चिंता की बात है। इससे टीम की भविष्य की रणनीतियों और विश्व कप की तैयारियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण पहले से ही इस सीरीज से बाहर थे। हार्दिक को यह चोट बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में लगी थी, जहां वह पीठ की चोट से उबरने के लिए पुनर्वास प्रक्रिया में थे। उनकी जगह टीम में शामिल ऑलराउंडर नितीश रेड्डी भी टीम के इंग्लैंड रवाना होने से कुछ घंटे पहले ही जांघ में चोट के कारण दौरे से बाहर हो गये थे।

यहां तक कि इंग्लैंड पहुंचने के बाद भी खिलाड़ियों के चोटिल होने का सिलसिला जारी रहा। हर्षित राणा और वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की समस्या से परेशान रहे। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए, जिससे टीम की मुश्किलें और भी बढ़ गईं।

शुभमन ने इस पर निराशा जताते हुए कहा, 'शुरुआत में जो चुनी गई थी उसमें तो कम से कम पांच खिलाड़ी टीम से बाहर थे। साथ ही कहा कि जब एक खिलाड़ी चोटिल होता है तो आपको अलग संयोजन से खेलना पड़ता है। अगर दो चोटिल होते हैं तो एक और अलग संयोजन अपनाना पड़ता है। मुझे लगता है कि अगर हर मैच के बाद एक खिलाड़ी बाहर हो रहा है तो कहीं न कहीं हम कोई गलती कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इसका विपरीत प्रभाव विश्व कप की तैयारियों पर पड़ेगा। साथ ही कहा , 'विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमें लगातार 11 मैच खेलने हैं और यहां खिलाड़ी दो या तीन मैचों की सीरीज भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं।

# मेरी जिंदगी पर फिल्म बनी तो बहुत दिलचस्प होगी: शहनाज गिल

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री शहनाज गिल आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 13 से घर-घर में लोकप्रिय हुई शहनाज अब फिल्मों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाने में जुटी हुई हैं। इन दिनों वह अपनी आने वाली फिल्म इश्कनामा को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच, उन्होंने अपनी जिंदगी, प्रेम कहानी और एक कलाकार के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को लेकर खुलकर अपने विचार साझा किए हैं। शहनाज गिल ने कहा कि अगर कभी उनकी जिंदगी पर कोई फिल्म बनाई जाती है तो उसकी कहानी बेहद दिलचस्प होगी। हालांकि, उन्होंने अभी से अपनी जिंदगी पर बनने वाली इस काल्पनिक फिल्म का नाम बताने से इनकार कर दिया। अभिनेत्री का कहना है कि जब ऐसा मौका आएगा और उनकी जिंदगी पर कोई फिल्म बनेगी, तब वह खुद अपनी कहानी का टाइटल दुनिया के सामने बताएंगी। शहनाज से पूछा गया था कि अगर उनकी जिंदगी की अपनी कोई इश्कनामा यानी प्रेम कहानी होती, तो उसका टाइटल क्या होगा।



## अदा शर्मा फिल्म 'गजरा' से मराठी सिनेमा में रखेगी कदम



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री अदा शर्मा अब फिल्म 'गजरा' से मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। यह कदम उनके करियर में एक नया आयाम जोड़ेगा और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और भी सशक्त करेगा। हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब उनके पिता ने उन्हें एक खास और दूरदर्शी सलाह दी थी कि उन्हें भारत की हर भाषा की फिल्म में काम करना चाहिए। यह सलाह उनके अभिनय यात्रा का मार्गदर्शक बनी है। अभिनेत्री ने अपने पिता द्वारा दी गई उस अनमोल सलाह को याद करते हुए बताया, जब मैंने अपने पिता से कहा कि मैं एक्ट्रेस बनना चाहती हूं तो उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हें भारत की हर भाषा में एक फिल्म जरूर करनी चाहिए। हर राज्य की अपनी संस्कृति होती है, हर भाषा की अपनी बारीकियां होती हैं। तुम्हारे लिए हर भाषा और हर फिल्म में एक नया किरदार निभाना एक बड़ा और दिलचस्प चुनौतीपूर्ण अनुभव होगा। इस सलाह ने अदा को विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के किरदारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका मिला। अदा शर्मा ने भले ही बॉलीवुड से अपना डेब्यू किया था, लेकिन एस/ओ सत्यमूर्ति (2015) और क्षनम (2016) जैसी सफल फिल्मों से उन्होंने साउथ सिनेमा में एक सफल अभिनेत्री के रूप में अपना नाम मजबूती से स्थापित किया। उनकी अभिनय क्षमता ने उन्हें क्षेत्रीय सिनेमा में भी एक लोकप्रिय चेहरा बना दिया। जब अभिनेत्री से पूछा कि अगर गजरा सफल होती है, तो क्या वह और मराठी फिल्में करेंगी या बॉलीवुड को ही अपनी मुख्य जगह मानेंगी?

# उज्जैन संभाग

## महाकाल की श्रावण-भादौ सवारियों का थीम प्लान जारी, हर सोमवार अलग थीम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ 2026 की सवारियां इस बार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेंगी। ये सवारियां संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देंगी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सभी सवारियों के लिए अलग-अलग थीम तय की हैं। मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि प्रत्येक सवारी को एक विशेष स्वरूप दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को हर सोमवार एक नया अनुभव मिल सके। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले जनजातीय नृत्य दल सभी सवारियों में अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे।

मंदिर समिति के अनुसार, इस बार सवारियों को अधिक भव्य, आकर्षक और जनभागीदारी से जोड़ने की तैयारी की गई है। अंतिम राजसी सवारी में सिंहस्थ-2028 की झलक और ड्रोन से होने वाली पुष्पवर्षा श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगी।

## निगम सम्मेलन में हंगामे के आसार, कांग्रेस ने सत्तापक्ष को घेरने की बनाई रणनीति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●नगर निगम का मंगलवार को होने वाला सम्मेलन हंगामेदार रहने की संभावना है। बैठक से पहले कांग्रेस पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष रवि राय की अध्यक्षता में रणनीति तैयार की है, जिसमें सत्तापक्ष को घेरने की पूरी तैयारी की गई है। इस रणनीतिक बैठक में निगम सम्मेलन के 26 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि शहर के विकास कार्यों से जुड़े उन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा, जिनका सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ता है।



कांग्रेस का मुख्य मुद्दा सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाना है। पार्टी का कहना है कि विकास कार्यों के कारण जिन लोगों की जमीन और मकान प्रभावित हुए हैं, उन्हें समय पर और न्यायसंगत मुआवजा मिलना चाहिए। इसके अतिरिक्त, शहर के सार्वजनिक शौचालयों और मूत्रालयों की बदहाल स्थिति, साफ-सफाई, रखरखाव और नागरिक सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी सदन में उठाया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद कई सार्वजनिक शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है।

बैठक में उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल, सचेतक नाजिया बी, सपना सांखला, अर्पित दुबे, छोटेलाल मंडलोई, इमरान खान, प्रेमलता रामी, शाहीन मुजीब, नजमा फिरोज पठान और अनवर नागौरी सहित कई अन्य पार्षद उपस्थित थे। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले निगम सम्मेलन पर टिकी हैं, जहां इन मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है।

## पवन चक्की के पोल लगाने पर विवाद, फावड़े-दरांती से हमला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम अमला में पवन चक्की के खंभे लगाने को लेकर हुए विवाद में एक भील परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। घटना में दो महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अमला निवासी भैरूलाल भील अपनी पत्नी तेजुबाई और बहू रेखाबाई के साथ खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके खेत में पवन चक्की के खंभे के लिए सपोर्टिंग वायर का पोल लगाया जा रहा था। ग्राम अमला में पवन चक्की के खंभे लगाने को लेकर हुए विवाद में एक भील परिवार पर जानलेवा हमला किया गया।

**फावड़े से कर दिया हमला** - आरोप है कि पड़ोसी शंकरलाल यादव और हरिओम यादव मौके पर पहुंचे और पोल लगाने का विरोध करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्द कहे औरगाली-गलौज की। विरोध करने पर शंकरलाल यादव ने फावड़े से रेखाबाई पर हमला कर दिया, जबकि हरिओम यादव ने दरांती से तेजुबाई पर वार किया। हमले में तेजुबाई की आंख के पास, हाथ और छाती पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे भैरूलाल के साथ भी मारपीट की गई।

## नशामुक्ति के लिए निकली जागरूकता रैली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● नशे के खिलाफ जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार सुबह उज्जैन में जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू हुई रैली में 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ पुलिस, नगर निगम, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर 'नशे से दूरी है जरूरी', 'नशा छोड़ो, भविष्य जोड़ो' और 'स्वस्थ युवा-सशक्त भारत' जैसे नारे लगाए। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और युवाओं को इसकी लत से बचाने की अपील की।

### जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

रैली में नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल कालूहेड़ा, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सहित जिला पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। रैली पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर घास मंडी चौराहा, टॉवर चौक, तीन बत्ती, ऑफिसर्स कॉलोनी और एलआईसी तिराहा होते हुए वापस कंट्रोल रूम पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर नागरिकों ने रैली का स्वागत कर अभियान का समर्थन किया।

## मशीन के पार्ट्स के नीचे मिला नाग-नागिन का जोड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देवास** ● शहर की एक कंपनी में उस समय हड़कंप मच गया, जब कर्मचारियों को काम के दौरान मशीन के भारी पार्ट्स के नीचे नाग-नागिन का एक जोड़ा दिखाई दिया। सांपों को देखते ही कर्मचारियों ने तत्काल काम रोक दिया और कंपनी प्रबंधन को इसकी सूचना दी। प्रबंधन की सूचना पर सर्प मित्र शाहिद अली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले लगभग चार फीट लंबे नाग को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया। इसके बाद, पार्ट्स के नीचे छिपी साढ़े तीन फीट लंबी नागिन को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग आधे घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद नागिन को भी सुरक्षित पकड़ लिया गया।

**सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया** - सर्प मित्र शाहिद अली ने बताया कि मशीनों के भारी पार्ट्स के नीचे होने के कारण यह रेस्क्यू अभियान जोखिम भरा था। पूरी सावधानी बरतते हुए दोनों सांपों को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़ा गया। रेस्क्यू के बाद नाग-नागिन के इस जोड़े को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस घटना के दौरान कंपनी परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हो गए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

## ड्राई फ्रूट्स की दुकान में आग, फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में पाया काबू

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● फ्रीगंज क्षेत्र में सोमवार देर रात एक ड्राई फ्रूट्स और किराना सामान की दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी दुकान उसकी चपेट में आ गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां और एक पानी का टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देर रात फ्रीगंज से गुजर रहे एक दमकलकर्मी की नजर दुकान से उठ रहे धुएं और आग की लपटों पर पड़ी। उन्होंने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

फायर कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास स्थित कपड़े और अन्य दुकानों तक आग फैलने से रोक लिया गया। यदि आग फैल जाती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। साथ ही आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की मुख्य वजह माना जा रहा है।

### पहले भी हो चुकी है ऐसी घटना

फ्रीगंज क्षेत्र में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले सितंबर 2025 में घनालाल की चाल स्थित एक सूने मकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लगी थी। उस हादसे में करीब 8 लाख रुपए नकद, जेवर और घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया था। इस घटना के बाद एक बार फिर क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और विद्युत सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# इंदौर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जारी होगी एसओपी, प्लॉट लेने में होगी आसानी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में अवैध कॉलोनियों में प्लॉट लेकर फंसने वाले पीड़ित हजारों की संख्या में हैं। इन्हें अब बचाने के लिए जिला प्रशासन एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी करने जा रहा है। इस पर काम शुरू हो गया है। इंदौर में लोगों को भूमाफिया से और अवैध कॉलोनी काटने वालों से बचाने के लिए प्रशासन बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने इसके लिए कॉलोनी सेल के अधिकारियों को आदेश दिए हैं। लोगों को अवैध कॉलोनी की जानकारी देने के लिए एसओपी बनाई जा रही है। साथ ही लोगों को अवैध कॉलोनी की जानकारी उपलब्ध कराने पर काम होगा।

**बनाई जा रही है लिस्ट, एफआईआर होगी**-इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी अवैध कॉलोनी की रोकथाम को लेकर निर्देश दिए हैं। प्रशासन भी इसी पर काम कर रहा है। आम लोगों को भी इसमें जागरूक होने की जरूरत है।

यह देखना चाहिए कि यदि कोई संपत्ति ले रहे हैं तो इसके लिए क्या-क्या दस्तावेज देखे जाने चाहिए। इन सभी की जानकारी देने के लिए प्रशासन एसओपी बना रहा है।

वहीं अवैध कॉलोनियों पर रोक के लिए इन्हें चिन्हित कर एफआईआर कराई जा रही है। साथ ही इसमें आदतन लगातार अवैध कॉलोनी काटने वालों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इन पर एफआईआर |के साथ ही अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आ रहा कॉलोनी एक्ट

प्रदेश में अवैध कॉलोनियों और प्लॉटिंग पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार मप्र कॉलोनी अधिनियम-2026 ला रही है। डिजिटल पोर्टल भी होगा, जिसमें राजस्व, टीएंडसीपी, नगरीय प्रशासन, संपदा और रजिस्ट्री विभाग जुड़े होंगे। एक क्लिक पर किसी भी कॉलोनी की वैधता की जानकारी मिल सकेगी। नए कानून से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के अलग-अलग नियम खत्म कर एकीकृत कॉलोनी कानून लागू किया जाएगा।

अभी इन्हीं अलग नियमों का फायदा उठाकर भोपाल, इंदौर और जबलपुर समेत बड़े शहरों के आसपास पेरी-अर्बन क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग हो रही है।

# किसानों की ट्रैक्टर रैली को पुलिस ने रोका, वॉटर कैनन चली, गिरफ्तारी हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में जमीन अधिग्रहण में चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को शिप्रा थाना एरिया में विवाद हो गया। करणी सेना के आह्वान पर किसान इंदौर से भोपाल तक ट्रैक्टर रैली निकाल रहे हैं, जिसे पुलिस ने रोक दिया है। इंदौर के शिप्रा थाना क्षेत्र में पश्चिमी रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर किसान विरोध पर उतर आए हैं। किसानों की मांग है कि उन्हें जमीन के बदले चार गुना मुआवजा दिया जाए।

दरअसल, सीएम डॉ. मोहन यादव की घोषणा से पहले ही जमीन अधिग्रहण और अवॉर्ड की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। अब किसान सरकार से चार गुना मुआवजे की मांग कर रहे हैं।



**पुलिस और किसानों के बीच विवाद**-करणी सेना ने किसानों की ट्रैक्टर रैली का आह्वान किया था। यह रैली पश्चिमी रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में इंदौर से भोपाल तक निकाली जा रही थी। पुलिस ने रैली को शिप्रा थाना क्षेत्र में रोक दिया। किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। इसी दौरान इंदौर पुलिस और किसानों के बीच विवाद की स्थिति बन गई।

**आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की खबर**-इंदौर में ट्रैक्टर रैली की अगुवाई करणी सेना के ऋषिराज सिसौदिया कर रहे हैं। किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस पूरे रास्ते में तैनात है और जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई है।

वॉटर कैनन चलाने के साथ आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की भी खबर है, हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। मौके पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी तैनात हैं। पुलिस ने करीब दस किसानों को हिरासत में लिया है।

# भागीरथपुरा दूषित पानी से हुई मौतों पर 6 माह में भी जांच रिपोर्ट तैयार नहीं, आज सुनवाई




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में भागीरथपुरा में हुए दूषित पानी के कांड से 36 मौतों को लेकर जांच पूरी नहीं हुई है। सोमवार को सुनवाई में एक बार फिर हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी द्वारा इसमें समय मांगा जाएगा। यह समय एक से दो माह का मांगा जा सकता है।

इंदौर के भागीरथपुरा में दिसंबर से जनवरी के बीच दूषित पानी पीने से 36 लोगों की मौत होने का मामला सामने आया था। हालांकि सरकार ने जनवरी में हाईकोर्ट में पेश अपनी रिपोर्ट में 23 मौतों को माना था। इनमें भी सिर्फ 16 मौतों को दूषित पानी से जुड़ा बताया गया, जबकि बाकी मौतों की वजह साफ नहीं हो सकी। भागीरथपुरा इंदौर कांड मामले को लेकर हाईकोर्ट में कई जनहित याचिकाएं दाखिल हुईं। इसके बाद 27 जनवरी को हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जस्टिस सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन किया।

**6 माह में अभी जांच नहीं हुई पूरी**-हाईकोर्ट के आदेश पर 27 जनवरी को जांच कमेटी बनाई गई थी। कमेटी से कहा गया था कि वह एक महीने के भीतर जांच पूरी कर 5 मार्च तक भागीरथपुरा में गंदे पानी की रिपोर्ट सौंप दे। लेकिन जरूरी रिकॉर्ड समय पर नहीं मिलने के कारण जांच पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद कमेटी लगातार और समय मांगती रही। बाद में उसे 20 जुलाई की सुनवाई से पहले रिपोर्ट देने को कहा गया, लेकिन अब तक रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। माना जा रहा है कि कमेटी एक बार फिर अलग-अलग कारण बताते हुए जांच पूरी करने के लिए और समय मांग सकती है।

## शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की थी योजना, लेकिन जमीन का उपयोग आवासीय

# वल्लभनगर मार्केट की जमीन पर कमर्शियल की बजाय पीएमएवाई के बनाए जाएंगे फ्लैट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम का एक और दिलचस्प मामला सामने आया है। करीब तीन साल पहले वल्लभनगर मार्केट की जमीन पर नया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार की गई थी, लेकिन जमीन के उपयोग (लैंड यूज) की जांच में पता चला कि यह भूमि व्यावसायिक नहीं, बल्कि आवासीय श्रेणी की है। इसके बाद निगम को अपनी पूरी योजना बदलनी पड़ी। अब इस जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत बहुमंजिला आवासीय इमारत बनाई जाएगी। प्राइम लोकेशन होने के कारण यहां थ्री बीएचके फ्लैट विकसित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए नगर निगम ने कलेक्टर कार्यालय को भूमि पीएमएवाई के तहत आवंटित करने का प्रस्ताव भेजा है।

**जमीन के मिक्स यूज मॉडल पर भी विचार**-नगर निगम अब इस जमीन का उपयोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करने की तैयारी में है। प्रस्ताव के अनुसार यहां बहुमंजिला आवासीय भवन बनाए जाएंगे। साथ ही मिक्स यूज मॉडल पर भी विचार किया जा रहा है, जिसमें भूतल पर दुकानें और ऊपरी मंजिलों पर फ्लैट बनाए जा सकते हैं।

**वर्षों पुराना है वल्लभनगर मार्केट**-राजकुमार ब्रिज के पास स्थित वल्लभनगर मार्केट नगर निगम का वर्षों पुराना बाजार है। यहां वर्तमान में 27 दुकानें संचालित हो रही हैं, जो अब जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। इसे देखते हुए क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने मार्केट को तोड़कर नया भवन बनाने का प्रस्ताव महापौर पुष्यमित्र भार्गव के समक्ष रखा था। महापौर ने भी इस योजना को मंजूरी दी थी, लेकिन जमीन के उपयोग से जुड़ी तकनीकी अड़चनों के कारण परियोजना अब तक धरातल पर नहीं उतर सकी।



### शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की योजना रह गई अधूरी

नगर निगम ने वर्ष 2023 में जर्जर हो चुके वल्लभनगर मार्केट को तोड़कर उसकी जगह नया शॉपिग कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बनाई थी। यह परियोजना स्मार्ट सिटी कंपनी के माध्यम से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर प्रस्तावित थी। योजना के अनुसार यहां नौ मंजिला इमारत बनाई जानी थी, जिसमें 49 दुकानें और प्रत्येक मंजिल पर चार से पांच फ्लैट प्रस्तावित थे। लेकिन दस्तावेजों की जांच में पता चला कि भूमि नजूल विभाग की है और उसका उपयोग आवासीय दर्ज है। इसी कारण योजना अटक गई और आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

# व्हिस्की, रम में मिलावट, 6 ब्रांड के सैंपल फेल, स्वाद-खुशबू के लिए मिला रहे फ्लेवर



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में शराब के शौकीनों के लिए यह खबर बड़ा झटका देने वाली है। लोग जिन महंगे ब्रांड की शराब पर भरोसा कर रहे हैं, उनके सैंपल जांच में मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। इंदौर में 6 बड़े शराब ब्रांड के सैंपल फेल पाए गए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इंदौर की शराब बनाने वाली यूनिट से 6 नामी ब्रांड के सैंपल लिए थे। अब इनकी जांच रिपोर्ट सामने आई है और सभी सैंपल फेल पाए गए हैं। रिपोर्ट में इन उत्पादों को मिथ्याछाप (मिसब्रांडेड), भ्रामक (मिसलीडिंग) और मिलावटी (सब-स्टैंडर्ड) माना गया है। संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**यहां से लिए गए थे सैंपल**-एफएसएसएआई की टीम ने कुछ दिन पहले खंडवा रोड पर बड़वाह के पास खोड़ीगांव में एक ही परिसर में चल रही तीन कंपनियों से 6 शराब ब्रांड के सैंपल लिए थे। लैब जांच में ये सभी सैंपल फेल पाए गए। रिपोर्ट में सामने आया कि शराब में स्वाद और खुशबू के लिए फ्लेवर मिलाया गया था।

नियमों के मुताबिक शराब का स्वाद उसके मूल स्वरूप का होना चाहिए, फ्लेवर का नहीं। इसी वजह से इन सैंपलों को फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत सब-स्टैंडर्ड माना गया। वहीं, लेबल पर किए गए दावों को सही नहीं पाया जाने के कारण इन्हें मिसलीडिंग भी माना गया है।

## मंदिर प्रबंध समिति और जिला प्रशासन के बीच समन्वय नहीं होने से परेशानी बढ़ी

# खजराना गणेश मंदिर परिसर में कई योजनाओं की नहीं हुई शुरुआत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● खजराना गणेश मंदिर परिसर में विकास की योजनाओं पर एक तरह विराम लगा हुआ है। यहां पहले से मंजूर कई नए कामों के शुभारंभ के लिए प्रशासन और मंदिर प्रबंध समिति द्वारा भले ही योजना बनाई गई हो, लेकिन अभी तक किसी कारणवश काम की शुरुआत नहीं हो पाई है। यहां पर कई ऐसे काम होना है जो श्रद्धालुओं के लिए बेहतर होंगे।

बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में कई कामों को लेकर एक मास्टर प्लान तैयार किया था और उसी के अनुसार काम की शुरुआत होना थी, लेकिन मंदिर प्रबंध समिति और जिला प्रशासन के बीच बराबर समन्वय नहीं होने से परेशानी बनी हुई है। इस काम को लेकर बताया जा रहा है कि लगभग 5 से 6 महीने बीत गए हैं लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। खजराना गणेश मंदिर में वैसे भी एक लंबे समय से दानदाताओं के सहयोग से भी कई काम हुए हैं।



यहां पर भक्त सदन से लेकर सत्संग हाल और धर्मशाला तक बन गई है। यहां भोजन वितरण का काम रोजाना हो रहा है जहां पर बड़े पैमाने पर श्रद्धालु भोजन का करने आते हैं। इसके साथ ही इस परिसर में कई ऐसे काम हैं जो होना है लेकिन अभी तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि मंदिर प्रबंध समिति और जिला प्रशासन अफसरों के बीच किसी कारण व समन्वय नहीं होने से परेशानी बनी हुई है, जबकि खजराना गणेश मंदिर एक तरह से ऐतिहासिक और तीर्थ स्थल के रूप में भी माना जाता है। यहां पर वैसे तो रोजाना लेकिन खासकर बुधवार और शनिवार रविवार को अत्यधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। खजराना गणेश मंदिर में बीते कुछ वर्षों में परिसर में कई ऐसे काम हुए हैं जिसके चलते श्रद्धालुओं को आसानी हुई है। एक ओर जहां प्रसाद की दुकानों को व्यवस्थित किया गया है, वहीं एक बड़े पैमाने पर पार्किंग बनाई गई है, जहां पर 4 पहिया वाहन और दोपहिया वाहनों को बड़ी संख्या में खड़ा किया जा सकता है।

# डीएवीवी में खुलेगा परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग

## डॉ. द्विवेदी के प्रस्ताव पर कुलपति ने शुरू कराई प्रक्रिया



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) में जल्द ही परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग की स्थापना का प्रस्ताव कार्यपरिषद की बैठक में पहुंच सकता है। कार्यपरिषद सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर कुलपति ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पत्र मिलने के दो दिन के भीतर स्वयं फोन कर जानकारी दी कि विभाग की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है और विषय को आगामी कार्यपरिषद की बैठक के एजेंडा में शामिल करने की कार्रवाई की जा रही है। डॉ. द्विवेदी ने विश्वविद्यालय में भारतीय शास्त्रीय नृत्य, संगीत, नाट्य कला, लोक कला, फिल्म एवं डिजिटल मीडिया, म्यूजिक थेरेपी सहित विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के उद्देश्य से परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग स्थापित करने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप भारतीय कला, संस्कृति और कौशल आधारित शिक्षा को नई दिशा देगी। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो प्रदेश के विद्यार्थियों को संगीत, नृत्य, रंगमंच और परफॉर्मिंग आर्ट्स के क्षेत्र में उच्च शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। डॉ. द्विवेदी ने कुलपति द्वारा त्वरित सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए इसे विश्वविद्यालय के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## शहर की सड़कों पर दो तरह के ट्रैफिक नियम

# पब्लिक के लिए अलग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए अलग ?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में ट्रैफिक नियमों को लेकर प्रशासन लगातार सख्ती की बात करता है। हेलमेट नहीं पहना चालान, गलत पार्किंग चालान, रेड लाइट पार की चालान। आम नागरिक से नियमों का पालन करवाया जाता है, कैमरों से निगरानी होती है और ई-चालान सीधे घर पहुंच जाता है। लेकिन सवाल यह है कि जब नियम पब्लिक के लिए अनिवार्य हैं, तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए क्यों नहीं।

शहर की सिटी बसें यदि निर्धारित बस स्टॉप छोड़कर बीच सड़क पर यात्रियों को उतार रही हैं, तेज रफ्तार में चल रही हैं और ट्रैफिक को बाधित कर रही हैं, तो यह केवल एक परिवहन समस्या नहीं है। यह प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल है। सबसे चिंताजनक बात यह नहीं कि नियम टूट रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि नियमों का टूटना सामान्य होता जा रहा है। एक निजी वाहन चालक यदि बीच सड़क पर वाहन रोक दे, तो कार्रवाई तय है। लेकिन जब वही काम सार्वजनिक परिवहन करे, तब कार्रवाई दिखाई क्यों नहीं देती। क्या कानून का उद्देश्य केवल नागरिकों को अनुशासित करना है, या व्यवस्था को भी।



इंदौर मेट्रो सिटी बनने की ओर बढ़ रहा है। नई सड़कें, मेट्रो, फ्लाईओवर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर शहर की पहचान बन रहे हैं। लेकिन किसी भी शहर की असली पहचान उसकी इमारतों से नहीं, बल्कि उसके अनुशासन से होती है। जब एक बुजुर्ग, छात्र, महिला या बच्चा बस से बीच सड़क पर उतरने को मजबूर होता है, तब वह केवल असुविधा नहीं झेल रहा होता, बल्कि व्यवस्था की विफलता का जोखिम भी उठा रहा होता है।

# लालबाग पैलेस परिसर बन रहा सीमेंट क्रांकीट जंगल



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विख्यात लगभग 72 एकड़ में फैला लालबाग पैलेस परिसर में इन दिनों चारों ओर निर्माण कार्य चल रहा है। एक तरह से देखा जाए तो यह भी सीमेंट क्रांकिट जंगल बनने जा रहा है। यह देखने में पूरा ऐसा लगता है कि मैदान कहीं किसी तरह का नजर नहीं आ रहा है। शहर ही नहीं प्रदेश देश और विदेश में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विख्यात लालबाग पैलेस परिसर में इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम लगभग 49 करोड की लागत से यहां पर काम कर रहा है। एक और जहां करोड़ों रुपये की लागत से अत्याधुनिक सुरक्षा दीवार का निर्माण हो रहा है। वहीं पूरे पहले परिसर में अलग-अलग जगह निर्माण कार्य हो रहा है, कहीं पर उद्यान को लेकर कहा जा रहा है कि पहले निर्माण किया जा रहा फिर उद्यान विकसित किया जा रहा है। वहीं कहीं अलग-अलग कामों के लिए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सीमेंट कांकिट जंगल सा लगने लगा है और चारों ओर निर्माण ही निर्माण है। यहां पर धीरे-धीरे मैदान गायब हो रहा है। कहीं पर भी मैदान नजर नहीं आ रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि पहले पूरा निर्माण को हो जाए। फिर अत्याधुनिक और बेहतर लगेगा लेकिन जिस हिसाब से यहां पर पक्का निर्माण हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।